हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, रविवार 4 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

12 खमढोड़गी जलाशय में एनडीआरएफ के...

12 लोनिवि के पेंचवर्क में लापरवाही राहगीरों ...




श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
Shri Gopala HOSPITAL
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल

बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध

24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज

बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### बीएलओ व सुपरवाइजरों का दिया गया प्रशिक्षण



**कांकेर।** विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 81 कांकेर के निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी अरूण वर्मा कीअध्यक्षता में जिला पंचायत सभा कक्ष में बीएलओ एवं सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। बैठक में जानकारी दी गई कि नाम जोड़ने के लिए लगभग 1920 आवेदन फॉर्म प्राप्त हुए हैं, जिसके लिए पर्याप्त संख्या में निर्धारित प्रारूप का वितरण बीएलओ को कर दिया गया है। प्रशिक्षण एवं समीक्षा बैठक में सभी संबंधित अधिकारी, बीएलओ एवं सुपरवाइज़र्स उपस्थित थे।

### विधायक ने धान केंद्र का किया औचक निरीक्षण



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत धान खरीदी केंद्र कोदापाखा का आकस्मिक निरीक्षण भानुप्रतापपुर की विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने किया। किसानों ने तौल में देरी, बैठने की समुचित व्यवस्था न होने एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी की शिकायत की, जिस पर विधायक ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। विधायक के इस औचक निरीक्षण से अधिकारियों में हड़कंप मचा रहा, वहीं किसानों ने राहत महसूस करते हुए विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने आशा जताई कि दिए गए निर्देशों के बाद धान खरीदी व्यवस्था और अधिक सुचारु होगी।

### बांगाबारी में कल होगा देव मेला

**बासनवाही।** नरहरपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम बांगाबारी में आगामी 5 जनवरी सोमवार को परंपरागत देव मेला का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में उत्सव का माहौल रहेगा। देव मेले के अवसर पर रात्रिकालीन सांस्कृतिक ▶▶| शेष पेज 10 पर

गोलमाल

**रंगरोगन करके जर्जर नेचर पार्क की सच्चाई को छुपाने का हो रहा प्रयास**

# भानुप्रतापपुर का नेचर पार्क उद्घाटन से पूर्व ही उजड़ा एवं झूलों में लगी जंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

■ नगरवासियों ने विभाग के सामने रखे तीन सवाल, विभाग से माँगा जवाब

नगर को हरियाली, पर्यटन और पर्यावरणीय पहचान देने के उद्देश्य से जिस नेचर पार्क का सपना देखा गया था, वह उद्घाटन से पहले ही खंडहर में तब्दील होता नजर आ रहा है। करोड़ों रुपये की शासकीय राशि खर्च होने के बावजूद पार्क न तो उपयोग योग्य है और न ही सुरक्षित। जंग खा चुके झूले, उखड़े हुए रास्ते, सूखती हरियाली और अधूरे निर्माण कार्य इस बात की गवाही दे रहे हैं कि यह प्रोजेक्ट विकास नहीं, बल्कि विभागीय लापरवाही का उदाहरण बन चुका है। पूर्व वनमंडल द्वारा विगत तीन वर्षो से कछुआ चाल से नेचर पार्क बनाया जा रहा है। समय पर उद्घाटन नहीं किए जाने से बंद पड़ा नेचर पार्क की हालत दयनीय हो गई है, फिर से नेचर पार्क में अब अचानक उस समय काम तेज कर दिया गया है, जब लगभग पूरी राशि खर्च हो चुकी है और केवल नाममात्र का बजट शेष बचा है।

नए अथवा पूर्व वनमंडल के नवनियुक्त वनमंडलाधिकारी के आते ही एसडीओ और रेंजर स्तर के अधिकारी जिस तरह से सक्रिय दिख रहे है, उससे पूरे मामले को और भी संदेहास्पद बना दिया है। स्थानीय नागरिक इसे आखिरी समय की खानापूर्ति बता रहे हैं। अचानक जंग लगे झूलों पर रंग रोगन जिस ढंग से किया जा रहा है, उससे लग रहा है कि उद्घाटन करके केवल खानापूर्ति की जा रही है। नेचर पार्क को जैव विविधता का केंद्र बनना था, वहां लगाए गए पौधे देखरेख के अभाव में सूखने की कगार पर हैं। चिल्ड्रन गार्डन में घास-झाड़ियां उग आई हैं, झूले जंग खाकर बेकार हो चुके हैं और बच्चों के खेलने लायक कोई सुरक्षित व्यवस्था शेष नहीं है।








इंट्रेंस गेट सहित कई निर्माण कार्य आज भी अधूरे और जर्जर अवस्था में पड़े हैं। नगरवासियों ने वन विभाग के अधिकारियों पर निर्माण के नाम पर शासकीय राशि के दुरुपयोग के गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि कागजों में कार्य पूर्ण दिखाकर भुगतान निकाल लिया गया, ▶▶| शेष पेज 10 पर

### सुधार नहीं, सिर्फ रंग-रोगन का खेल



पार्क में ओपन जिम के नाम पर लगे उपकरण लगभग जंग खा चुके है। बच्चों के झूले इतने जर्जर हैं कि उन पर खेलना दुर्घटना को न्योता देना है। पैदल चलने के लिए बनाए गए फुटपाथ जगह-जगह से उखड़ चुके हैं। टाइल्स और पत्थर गायब हैं। इसके बावजूद नई संरचना या गुणवत्तापूर्ण मरम्मत करने के बजाय सिर्फ पुरानी कुर्सियों, गेट और ढांचों पर रंग-रोगन कर उन्हें नया दिखाने की कोशिश की जा रही है।

### कागजों में पूरा जमीन पर अधूरा

ओपन जिम, योगा सेंटर, तालाब और अन्य प्रमुख कार्य आज भी अधूरे पड़े हैं, जबकि इन सभी मदों की पूरी राशि पहले ही आहरित की जा चुकी है। पार्क के भीतर बनाए गए पाथवे में केवल मुरुम डालकर औपचारिकता निभा दी गई है। इससे साफ जाहिर होता है कि कागजों में कार्य पूर्ण दिखाकर भुगतान निकाल लिया गया, लेकिन वास्तविक गुणवत्ता और उपयोगिता की अनदेखी की गई।

### उद्घाटन से पहले ही खत्म हो गई नवीनता

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि शुरू से ही घटिया सामग्री और लापरवाह निर्माण के कारण पार्क उद्घाटन से पहले ही पुराना और क्षतिग्रस्त नजर आने लगा है। अब यहां किसी भी प्रकार की नवीनता या आकर्षण शेष नहीं बचा है। ऐसे जर्जर पार्क का उद्घाटन करना नगरवासियों की भावनाओं और टैक्स के पैसों के साथ सीधा छलावा होगा।

### नगरवासियों के तीखे सवाल

नगर में आक्रोश का माहौल है और सवाल सीधे-सीधे वन विभाग से पूछे जा रहे हैं, जिसमें जब करोड़ों रुपये खर्च हो चुके हैं, तो नेचर पार्क आज तक उपयोग योग्य क्यों नहीं है? अधूरे और घटिया निर्माण की जिम्मेदारी किस अधिकारी और ठेकेदार की है? क्या सिर्फ दिखावटी रंग-रोगन कर उद्घाटन कर पूरे मामले पर पर्दा डालने की तैयारी है?

### नेचर पार्क के लिए सवा करोड़ थे स्वीकृत

पूर्व वनमंडल के एसडीओ आईपी गेंदरे ने बताया कि नेचर पार्क बनाने के लिए तीन चरण में 1 करोड़ 25 लाख रूपएं आया था और उसी से काम कराया गया है। उक्त मद में अब केवल 7 से 8 लाख रूपएं बचा है। सभी को ठीक किया जा रहा है, इस कार्य को 15 जनवरी तक पूरा करने है, उसके बाद उद्घाटन किया जाएगा। इसके अलावा इस पर कुछ नहीं बोल सकता।

## बेकाबू बाइक आमाबेड़ा पुल से गिरी, एक श्रमिक की मौत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नए साल की शुरुआत जहां खुशियों और उम्मीदों से भरी होती है, वहीं अंतागढ़-आमाबेड़ा मुख्य मार्ग पर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां हमेशा के लिए छीन लीं। साप्ताहिक बाजार से लौट रहे तीन मजदूरों की मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पुल के नीचे जा गिरी, जिसमें गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम मोहलई थाना अर्जुन्दा जिला बालोद निवासी एक व्यक्ति ग्राम मातला (अ) थाना आमाबेड़ा, जिला कांकेर में निर्माणाधीन शासकीय स्कूल भवन में राजमिस्त्री का काम कर रहा था। उक्त निर्माण कार्य ठेकेदार मोहित गांधी द्वारा कराया जा रहा है। उसके साथ उसका भाई वासु निषाद तथा पास के गांव सलोनी निवासी यादराम यादव भी मजदूरी कर रहे थे। तीनों मजदूर राशन सामग्री एवं सब्जी खरीदने के लिए 1 जनवरी को मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 05 वी 3792 से ग्राम नीलझर के साप्ताहिक बाजार गए थे। मोटरसाइकिल को यादराम यादव चला रहा था। बाजार से सामान खरीदकर वापस आमाबेड़ा की ओर लौटते समय अंतागढ़ से आमाबेड़ा मेन रोड पर बांध मोड़ के पास संतुलन बिगड़ने पर मोटरसाइकिल पुल के नीचे गिर गई। हादसे में चालक यादराम यादव के सिर ▶▶| शेष पेज 10 पर

## तेलगरा नदी के नाव घाट से सोलर पंप की चोरी, सिंचाई ठप और किसान हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




तारसगांव में किसान की मेहनत पर अज्ञात चोरों ने बड़ा हमला करते हुए क्रेडा विभाग के माध्यम से लगाए गए सोलर पंप की चोरी कर ली। यह घटना न सिर्फ एक किसान को आर्थिक नुकसान पहुंचाने वाली है, बल्कि क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करती है। रात्रि के सन्नाटे में हुई इस चोरी से गांव में आक्रोश का माहौल है।

जानकारी के अनुसार चारामा विकासखंड के ग्राम तारसगांव निवासी किसान 40 वर्षीय सूरजमल निषाद पिता जयराम निषाद ने पुलिस को बताया कि मैं खेती-किसानी का कार्य करता हूँ और तेलगरा नदी के नाव घाट स्थित अपने खेत में सिंचाई के लिए क्रेडा विभाग से एक नग सोलर पंप किस्तों में लगवाया था। इस सोलर पंप को लगाने में लगभग 63 हजार रुपएं खर्च हुआ था। पीड़ित किसान के अनुसार 02 जनवरी की सुबह खेत पर पहुँचे, परंतु पंप गायब था। अज्ञात चोर 01 जनवरी की रात्रि को सोलर पंप को चोरी किया होगा। पीड़ित किसान ने यह दृश्य देखकर परेशान होकर लिया। गांव के हितेश मरकाम एवं धेनश्वर निषाद को दिया। पीड़ित किसान का कहना है कि यह सोलर पंप उनकी खेती के लिए बेहद जरूरी था। इसी के सहारे वे खेतों में सिंचाई कर फसल उगाते थे। पंप की चोरी से उनकी सिंचाई व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई है, जिससे आगामी फसल पर संकट आएगा। आर्थिक रूप से पहले से ही दबाव झेल रहे किसान के लिए यह चोरी बड़ी ▶▶| शेष पेज 10 पर

## प्रीमियम शराब दुकान का प्रबल विरोध कांग्रेस ने किया प्रदर्शन व की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ शराब दुकान के हटाने के बाद ही विरोध रुकेगा



शहर के ज्ञानी ढाबा के पास झूनियापारा में प्रीमियम वाइन शॉप खुलने से शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के द्वारा शराब दुकान के सामने विरोध प्रदर्शन किया गया।

कांग्रेस पार्टी के द्वारा वार्डवासियों के साथ मिलकर सैकड़ों की संख्या में एकजुट होकर प्रदर्शन कर भाजपा सरकार एवं जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रीमियम शराब दुकान के सामने बैठकर विरोध किया गया तथा प्रशासन को एक सप्ताह के अंदर शराब दुकान हटाए जाने की मांग की गई। जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए कांग्रेस पार्टी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार इस प्रदेश को शराब में डुबो देना चाहती है। शराब दुकान खुल जाने से ज्यादा से ज्यादा लोग शराब के नशे की आदी हो रहे हैं जिसमें युवाओं की एक बहुत बड़ी संख्या है। विष्णु देव साय की सरकार ना तो प्रदेश के लोगों की शिक्षा दे पा रही है और ना ही बेहतर स्वास्थ्य। भाजपा सरकार का मकसद है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को शराब की नशे में डुबो दे, जिससे वह सरकार की नाकामी को कभी देख ना सके। भाजपा सरकार हर गली मोहल्ले में शराब की दुकान खोल रही है, जिससे आम लोगों का जीना दुभर हो गया है। मंदिर, स्कूल, बस्ती के बाहर भी शराब की दुकान खोल दी गई है, जिससे लोगों को हर दिन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। झुनियापारा में जिस स्थान पर प्रशासन ने शराब दुकान खोली है, उसके आसपास स्कूल, कोचिंग सेंटर और मंदिर स्थित है। ऐसे में शराब की दुकान खोलने से बच्चों की पढ़ाई, धार्मिक माहौल और सामाजिक शांति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। आबकारी नियमों के बावजूद आबादी वाले क्षेत्र और शिक्षण संस्थानों के पास शराब दुकान खोलना अनुचित है। जिला प्रशासन जब तक ▶▶| शेष पेज 10 पर

**बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों की टोलियों ने किया नगर भ्रमण**

## छेरछेरा पुन्नी पर दान की महिमा गायी एवं घर-घर दान के लिए टोलियों ने दी दस्तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पौष माह की पूर्णिमा का सूरज उगते ही गांवों और नगरों की गलियों में एक खास रौनक देखने को मिली। बच्चों की किलकारियों, युवाओं के उत्साह और बुजुर्गों के आशीर्वाद के साथ छत्तीसगढ़ की लोकपरंपरा छेरछेरा पुन्नी का पर्व पूरे हर्षोल्लास से मनाया गया। "छेर-छेरा, छेर-छेरा, माई कोठी के धान ला हेर-हेरा" जैसे लोकगीतों की गूंज ने माहौल को पूरी तरह सांस्कृतिक रंग में रंग दिया।

शहर में सुबह से ही क्षेत्रभर में बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों की टोलियां बनकर घर-घर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। परंपरा के अनुसार लोगों ने श्रद्धा और आस्था के साथ दान स्वरूप धान, चावल, नकद राशि और अन्य सामग्री भेंट की। ग्रामीण ही नहीं, शहरी इलाकों में भी लोगों ने पूरे उत्साह से इस लोकपर्व में भाग लिया। कई स्थानों पर महिलाओं की टोलियों ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई, जिससे पर्व की रौनक और बढ़ गई। मान्यता है कि छेरछेरा पुन्नी के दिन दान करने से घर में सुख-समृद्धि आती है और समाज में आपसी भाईचारा मजबूत होता है। यह पर्व फसल कटाई के बाद मनाया जाता है, जो किसानों की मेहनत, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और सामूहिक खुशहाली का प्रतीक माना जाता है। इस दिन एकत्र किए गए दान का उपयोग कई गांवों में सामूहिक भोज, सामाजिक कार्यों और जरूरतमंदों की सहायता के लिए किया गया, जिससे सामाजिक सहयोग और एकता की भावना को नया बल मिला। पर्व के अवसर पर कई गांवों में लोकनृत्य, भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। बच्चों में इस पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला, वहीं बुजुर्गों ने नई पीढ़ी को छेरछेरा पुन्नी के महत्व, इतिहास और परंपराओं से अवगत कराया।





इस वर्ष भी छेरछेरा पुन्नी का त्योहार पारंपरिक उल्लास, सामाजिक सौहार्द और लोकसंस्कृति की खुशबू के साथ मनाया गया, जिसने छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और आपसी सहयोग की भावना को एक बार फिर जीवंत कर दिया।

## चपेली में बाउंड्रीवाल निर्माण पर विवाद पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज

**कांकेर।** चपेली में आबादी भूमि पर मकान निर्माण के बाद बाउंड्रीवाल बनाने को लेकर विवाद गहरा गया है। एक ग्रामीण द्वारा लगाए गए आरोपों के अनुसार गांव के ही कुछ लोगों ने न केवल बाउंड्रीवाल के लिए खोदे गए कॉलम गड्ढो को जबरन पाट दिया, बल्कि गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।



जानकारी के अनुसार पीड़ित ग्राम उंकारी का निवासी है और खेती-किसानी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। उसका ग्राम चपेली में भी घर और खेती-बाड़ी है। पीड़ित का कहना है कि ग्राम चपेली में गांव के प्रमुखों द्वारा उसे और उसके भाइयों को आबादी जमीन दी गई थी। इसी जमीन पर उसने कच्चा मकान टूट जाने के बाद पक्का मकान का निर्माण कराया। हाल ही में मकान के पीछे बाउंड्रीवाल बनाने के लिए कॉलम गड्ढे खोदे गए थे। पीड़ित का आरोप है कि मानकी बाई पति स्व. बोधन राम, कैलाश पिता स्व. बोधन राम और किरण पति कमलेश ने एकजुट होकर उन गड्ढो को पाट दिया। इससे पहले भी इनके द्वारा गड्ढे पाटे जाने की घटना हो चुकी है। पीड़ित ने ग्राम प्रमुखों, सरपंच, पटेल और कोटवार की उपस्थिति में बैठक कर ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### शराब का अवैध परिवहन मामले वाहन जब्त, आरोपी जेल दाखिल



**भानुप्रतापपुर।** थाना भानुप्रतापपुर पुलिस ने अवैध रूप से शराब का परिवहन करते हुए युवक को पकड़ा और कब्जें से अंग्रेजी शराब के साथ परिवहन में प्रयुक्त वाहन को भी जप्त किया, वही शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर भी कार्यवाही किया गया।

आरोपी भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम बांसला कोरेटीपारा निवासी 31 वर्षीय झन्नू राम कोरेटी पिता बीरसिंह कोरेटी उम्र के कब्जे से एक सफेद रंग की बोरी में के अंदर कार्टून में बियर 7 लीटर 800 एमएल, जिसकी कीमत 2 हजार 430 रुपएं को जप्त किया गया। मोटर साइकल क्रमांक सीजी 19 बीएल 3486 को जप्त तक किया गया। आरोपी के खिलाफ शराब पीकर वाहन चलाने का भी कार्यवाही किया गया। मोटर साइकल क्रमांक सीजी 05 एस 1425 के चालक चौगेल निवासी संजीव कुमार मंडावी पिता कुंवर सिंह, ट्रक क्रमांक सीजी 08 एएफ 4388 के चालक डुमडीसूर निवासी 21 वर्षीय राम्मू राम कलो पिता जग्गू राम कलो, ट्रक क्रमांक सीजी 19 बीफ 8583 के चालक कलंगपुरी निवासी सुरेंद्र कुमार जैन पिता लखन लाल जैन और मोटर सायकल क्रमांक सीजी 24 आर 2245 के चालक बोगर निवासी 34 वर्षीय भानुप्रसाद पिता भावसिंह को पकड़ा गया। आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### फोर्स के आरक्षक से हुई एक लाख की सायइबर धोखाधड़ी

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के एक आरक्षक के बैंक खाते से साइबर ठगों ने इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर के जरिए एक लाख रुपये की धोखाधड़ी कर ली। पीड़ित द्वारा खाते को होल्ड कराते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है, जिस पर पुलिस ने अज्ञात खाताधारक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है। जिले में पदस्थ छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 8 वीं वाहिनी 'ए' कंपनी के आरक्षक क्रमांक 79 के बैंक खाते से साइबर ठगी का मामला सामने आया है। प्रार्थी के अनुसार, 29 दिसंबर 2025 को उसके भारतीय स्टेट बैंक खाते से अलग–अलग किस्तों में कुल 1,00,000 रुपये की अवैध निकासी की गई। यह राशि 50,000 रुपये और 10,000 रुपये की पांच किस्तों में स्थानांतरित हुई। पीड़ित ने 30 दिसंबर 2025 को एसबीआई योनो ऐप के माध्यम से वेतन की जांच के दौरान खाते का स्टेटमेंट देखा, तब धोखाधड़ी का पता चला। इसके तुरंत बाद उसने एसबीआई शाखा पण्डरी पानी, जगदलपुर के अधिकारियों से संपर्क कर अपना खाता होल्ड कराया। बैंक से मिली जानकारी के अनुसार, रकम कोरामंगला शाखा, बेंगलुरु (कर्नाटक) स्थित एक खाते में इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर के माध्यम से भेजी गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रार्थी ने 1 जनवरी को थाना पहुंचकर मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात खाताधारक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। पुलिस साइबर सेल की मदद से लेनदेन की कड़ियां जोड़कर आरोपियों की पहचान में जुटी हुई है।

**कार्यक्रम :** बच्चों से संवाद किया, खेल और शिक्षा की अनिवार्यता पर भी जोर दिया

# पहली बार नेवारखेड़ा पहुँचीं विधायक सावित्री मंडावी, वनांचल के बच्चों का बढ़ाया मनोबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि वे केवल विधानसभा तक सीमित जनप्रतिनिधि नहीं, बल्कि क्षेत्र के अंतिम छोर तक पहुँचने वाली संवेदनशील और कर्मठ विधायक हैं। दुर्गुकोंदल अंचल के सुदूर वनांचल ग्राम नेवारखेड़ा में उनका आगमन क्षेत्र के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज हो गया। आज़ाद भारत के बाद पहली बार किसी निर्वाचित विधायक का इस गांव तक पहुँचना अपने आप में ऐतिहासिक घटना रही, जिससे ग्रामीणों में अभूतपूर्व उत्साह और खुशी देखने को मिली।

नेवारखेड़ा पहुँचने पर ग्रामीणों ने पारंपरिक आदिवासी रीति-रिवाजों के साथ विधायक का आत्मीय स्वागत किया। वर्षों से उपेक्षित रहे इस गांव में विधायक की मौजूदगी ने ग्रामीणों के मन में यह विश्वास जगाया कि अब शासन-प्रशासन उनकी समस्याओं और जरूरतों को गंभीरता से सुनेगा। ग्रामीणों का कहना था कि आज तक किसी भी जनप्रतिनिधि ने यहां तक पहुँचने का प्रयास नहीं किया, लेकिन विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने स्वयं गांव आकर यह साबित कर दिया कि वे हर वर्ग और हर क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। विधायक आयोजित संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। उन्होंने बच्चों से संवाद करते हुए उन्हें खेल के महत्व के साथ-साथ शिक्षा की अनिवार्यता पर भी जोर दिया। विधायक ने कहा कि खेल बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करता है, वहीं शिक्षा उन्हें जीवन में आगे बढ़ने का मार्ग दिखाती है। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वनांचल के बच्चे किसी से कम नहीं हैं, जरूरत है उन्हें अवसर और प्रोत्साहन देने की। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने ग्रामीणों की समस्याएं भी गंभीरता से सुनीं। ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग पर विधायक ने नेवारखेड़ा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6.50 लाख रुपये की घोषणा की। इस घोषणा से ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई, क्योंकि सामुदायिक भवन गांव के सामाजिक, सांस्कृतिक और सामूहिक आयोजनों के लिए अत्यंत आवश्यक था। इसके साथ ही ग्रामीणों ने क्वाचीकटेल से नेवारखेड़ा मार्ग पर इंदुलनाला में पुलिया निर्माण की समस्या विधायक के समक्ष रखी।

बरसात के दिनों में यह नाला आवागमन में बड़ी बाधा बनता है। स्थल निरीक्षण के दौरान विधायक ने बताया कि इस विषय को लेकर उन्होंने शीतकालीन सत्र में विधानसभा में याचिका प्रस्तुत की थी, जिसे स्वीकार कर लिया गया है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि बहुत शीघ्र इंदुलनाला में पुलिया निर्माण का कार्य प्रारंभ होगा, जिससे गांव का संपर्क मुख्य मार्ग से सुलभ हो सकेगा। इस अवसर पर सरपंच अनुपा कवाची, जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई, जनपद सदस्य हेमलता उइके एवं सविता उइके, हुमन मरकाम, जनपद अध्यक्ष सुनाराम तेता सहित जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गाँव कार्यक्रम में दिया 25 गाँवों के स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार

कांकेर में बच्चों के गणितीय स्तर में सुधार लाने के उद्देश्य से प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा संचालित हमारा गाँव कार्यक्रम के अंतर्गत 25 गाँवों के स्वयंसेवकों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन एवं समापन किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य स्वयंसेवकों को बच्चों के साथ प्रभावी ढंग से गणित शिक्षण के लिए सक्षम बनाना था।

प्रशिक्षण के दौरान स्वयंसेवकों को वॉलंटियर-लेड क्लास के उद्देश्य एवं महत्व से अवगत कराया गया और साथ ही गणितीय अवधारणाओं को सरल एवं रोचक तरीके से सिखाने के लिए विभिन्न गणितीय गतिविधियाँ कराई गईं। कैंप से पूर्व बच्चों की सीख के स्तर को समझने के लिए स्तर जाँच गतिविधियाँ, वार्मअप अभ्यास, संख्या चक्र, तथा शाब्दिक सवालों को छोटे-छोटे समूहों में बाँटकर व्यवहारिक रूप से समझाया गया, जिससे स्वयंसेवक बच्चों के साथ सहजता से कार्य कर सकें। इसके अतिरिक्त स्वयंसेवकों के कौशल विकास को ध्यान में रखते हुए डिजिटल माध्यमों की जानकारी भी दी गई। उन्हें ज़ूम ऐप के उपयोग, ई-मेल भेजने एवं प्राप्त करने जैसी आवश्यक डिजिटल दक्षताओं से परिचित कराया गया, ताकि वे प्रशिक्षण एवं कार्यक्रम से जुड़े संचार को बेहतर ढंग से समझ सकें और भविष्य में तकनीक का प्रभावी उपयोग कर सकें। यह तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम स्वयंसेवकों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ, जिससे वे अपने-अपने गाँवों में बच्चों के गणितीय सीखने के स्तर में सकारात्मक सुधार लाने में सक्षम हो सकेंगे।

## चरित्र पर संदेह, पत्नी की पिटाई से सिर फूटा एवं पति पर मामला दर्ज



**कांकेर।** पत्नी के चरित्र पर शंका करते हुए पति ने हाथ-मुक्का और डंडे से मारपीट की, जिससे महिला के सिर से खून निकलने लगा। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम देवडोंगर निवासी निजई बाई मंडावी, पति भानु राम मंडावी ने पुलिस को बताया कि वह रोजी-मजदूरी का काम करती है। उसकी शादी को 25 वर्ष हो चुके हैं, इसके बावजूद उसका पति उसके चरित्र पर शंका करता रहता है। पीड़िता ने बताया कि 1 जनवरी को उसका पति ग्राम डब्बीपानी में आयोजित एक बैठक में गया था। दोपहर करीब साढ़े तीन बजे बैठक से घर लौटने के बाद, जब वह घर के पीछे बाड़ी में चावल साफ कर रही थी, तभी उसका पति वहां पहुंचा। उसने आरोप लगाते हुए कहा कि वह उसकी शर्ट की जेब से बिना पूछे पैसे निकालती है और अन्य पुरुषों से बातचीत करती है। इस दौरान आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और पास में रखे लकड़ी के डंडे तथा हाथ-मुक्कों से मारपीट की। मारपीट के कारण पीड़िता के सिर, बाएं कंधे, बाएं हाथ एवं पैर में चोट आई, तथा सिर से खून निकलने लगा। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी भानु राम मंडावी के खिलाफ धारा 115(2), 296 एवं 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## अवैध शराब की बिक्री पर सख्ती दुधावा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही



चौकी दुधावा पुलिस ने ग्राम बासनवाही में सघन रेड कार्रवाई करते हुए अवैध शराब के कारोबार का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने रेड के दौरान आरोपी महेश नेताम के कब्जे से कुल 22 लीटर अवैध शराब बरामद किया। कब्जे से 20 लीटर देशी महुआ शराब कि अनुमानित कीमत करीब 2 हजार रूपएं, मैकडॉवेल्स नंबर-1 के 10 पौवा कीमत 2 हजार रूपएं गोवा शराब के 2 पौवा कीमत 260 रुपएं को जप्त किया गया। कार्रवाई के बाद आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी को जेल दाखिल कर दिया गया। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नववर्ष के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। अवैध शराब की बिक्री, परिवहन या भंडारण में संलिप्त किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। आम नागरिकों से भी अव्हान किया गया कि वे अवैध गतिविधियों की जानकारी पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकें।

## अन्नदान का महापर्व छेरछेरा की धूम, गांवों में गूंजे लोकगीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



अन्नदान के महापर्व पौष पूर्णिमा के पावन अवसर पर दुर्गुकोंदल अंचल में परंपरागत छेरछेरा पर्व हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। पर्व के तहत गांव-गांव, गली-मोहल्लों में बच्चे, युवक-युवतियां टोली बनाकर छेरछेरा नृत्य करते हुए दान मांगते नजर आ रहे हैं। लोकगीतों की गूंज और पारंपरिक उल्लास से पूरा अंचल उत्सवमय हो गया है। पौष पूर्णिमा के दिन विशेष रूप से बच्चों और युवाओं में उत्साह देखने को मिलता है। वे पारंपरिक वेशभूषा में छेरछेरा गीत गाते हुए गांव की गलियों में भ्रमण करते हैं। इस दौरान छेरछेरा माई कोठी के धान ला भर दे जैसे पारंपरिक लोकउद्गारों से वातावरण गुंजायमान रहता है। ग्रामीणजन भी श्रद्धा और खुशी के साथ दान देकर इस लोकपर्व में अपनी सहभागिता निभाते हैं। स्थानीय बुजुर्गों का कहना है कि छेरछेरा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ी संस्कृति और लोकपरंपरा की आत्मा है। यह पर्व नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ता है और उन्हें अन्न की महत्ता, दानशीलता एवं सामूहिक जीवन मूल्यों का संदेश देता है। ग्रामीणों के अनुसार छेरछेरा पर्व का उत्सव दो से तीन दिनों तक चलता है, जिसमें आसपास के गांवों में भी समान रूप से आयोजन किए जाते हैं। इन दिनों अंचल में आपसी भाईचारे, खुशी और सामाजिक एकता का विशेष वातावरण देखने को मिल रहा है।

## धनोरा में सरस्वती साइकिल वितरण से बालिका शिक्षा को संबल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनोरा

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय धनोरा में छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने हेतु सरस्वती साइकिल वितरण समारोह का आयोजन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नंदनी पोटाई, अध्यक्ष जनपद पंचायत केशकाल रहीं। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में श्री कपिलकांत नाग, जिला पंचायत सदस्य कोंडागांव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री रामेश्वर उसेंडी, अध्यक्ष एसएमडीसी सेजेस धनोरा द्वारा की गई। मुख्य अतिथि नंदनी पोटाई ने अपने संबोधन में कहा कि सरस्वती साइकिल योजना छात्राओं की शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी और बालिकाओं की विद्यालय में उपस्थिति बढ़ेगी। विशेष अतिथि कपिलकांत नाग ने छात्राओं को निरंतर अध्ययन के लिए प्रेरित करते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की और छात्र-छात्राओं को अच्छे मेहनत करने के लिए मार्गदर्शन दिए।

## कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने शनिवार को जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आपातकालीन वार्ड सहित अस्पताल की विभिन्न इकाइयों एवं वार्डों में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अस्पताल में मरीजों को दी जा रही चिकित्सा सेवाओं, उपलब्ध व्यवस्थाओं एवं आवश्यक संसाधनों का आकलन किया तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय परिसर की साफ–सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल परिसर को स्वच्छ और सुव्यवस्थित रखने पर विशेष ध्यान देने की बात कही। मरीजों एवं उनके परिजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने निर्देशित किया कि अस्पताल परिसर में मौजूद लोगों को 'दीदी की रसोई' में ही भोजन करने के लिए प्रेरित किया जाए, जिससे उन्हें स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध हो सके।

## धनोरा में शिक्षा, खेल और विकास का समन्वित संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनोरा



केशकाल विधानसभा क्षेत्र में 31 दिसंबर 2025, बुधवार को शिक्षा, खेल और विकास को समर्पित विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम जी ने सहभागिता कर क्षेत्रवासियों को महत्वपूर्ण संदेश दिया। ईरागांव शासकीय हायर सेकेंड्री स्कूल में छात्राओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नियमित अध्ययन एवं सुरक्षित आवागमन को ध्यान में रखते हुए 27 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की गई। विधायक टेकाम जी ने अपने कर-कमलों से साइकिल प्रदान करते हुए कहा कि बालिकाओं की शिक्षा समाज और क्षेत्र के विकास की मजबूत नींव है। साइकिल योजना से छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिलेगी, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा और शिक्षा से जुड़ाव मजबूत होगा। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, शिक्षकगण एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। आयोजन का उद्देश्य "बेटी पढ़े–आगे बढ़े" के संकल्प को साकार करना रहा। विधायक टेकाम जी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं।

पेज 09 के शेष...

### भानुप्रतापपुर का नेचर...

जबकि वास्तविक स्थिति इससे बिल्कुल विपरीत है। यदि निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच हो जाएं तो पूरी गड़बड़ी सामने आ सकती है।

### बांगाबारी में कल...

कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है, जिसमें मया के सुरता छत्तीसगढ़ी लड़की नाचा पार्टी खुड़ मुड़ी महासमुंद का रंगारंग प्रस्तुति दी जाएगी। लोकनृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। संतराम नेताम एवं रसुराम नेताम ने बताया कि देव मेला हर वर्ष श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। मेले में ग्रामीण देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना करेंगे तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लेंगे।

### बेकाबू बाइक आमाबेड़ा...

और छाती में गंभीर चोटें आईं, जबकि अन्य दो मजदूरों को हल्की चोटें लगीं। गंभीर रूप से घायल यादराम यादव को तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आमाबेड़ा में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों की टीम ने इलाज किया, परंतु इलाज के दौरान 02 जनवरी की सुबह करीब साढ़े 10 बजे इलाज के दौरान यादराम यादव ने दम तोड़ दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाह वाहन चालन के खतरनाक परिणामों की ओर ध्यान आकर्षित किया है।

घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने मामला कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### तेलगरा नदी के...

समस्या बन गई है। ग्रामीणों का कहना है कि हाल के दिनों में क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ी हैं, लेकिन रात्रि गश्त और निगरानी की व्यवस्था कमजोर है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर सोलर पंप बरामद किया जाए और दोषियों पर कड़ी कार्यवाही हो। पुलिस ने आवेदन के आधार पर चोरी का मामला दर्ज करते हुए चोरों की पतासाजी में जुट गई है।

### प्रीमियम शराब दुकान...

इस प्रीमियम शराब दुकान को हटाने पर ठोस निर्णय नहीं लेती तब तक यह विरोध जारी रहेगा।

विरोध प्रदर्शन में प्रदेश महामंत्री नरेश ठाकुर, तरेंद्र भंडारी, मनोज जैन, यासीन कराणी, मिथलेश शोरी, अजय रेणु, सरजू शोरी, लोमेन्द्र यादव, रोमनाथ जैन, अजय भासवानी, गीता भास्कर, रमाशंकर दर्रो, लक्ष्मी सहारे,दीपक शोरी, ओमप्रकाश देवांगन, इसहाक अहमद,लक्ष्मी तिवारी, शिवभान ठाकुर,लतीफ मेमन, तरूण राय, किसन साहू, अमित साहू, सतीश दीपक,रामस्वरूप यादव, अंकित तिवारी, संतोषी बढ़िया, लक्ष्मी साहू, सविता यादव आदि उपस्थित थे।

### चपेली में बाउंड्रीवाल...

समझाइश भी दी थी, लेकिन इसके बावजूद आरोपितों ने बाउंड्रीवाल नहीं बनाने देने की बात कहते हुए अश्लील गाली-गलौच की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो गांव में शांति व्यवस्था प्रभावित हो सकती है।

**विधायक लता उसेंडी ने किया विकास कार्यों का शुभारंभ**

# कोपाबेड़ा में 4.51 करोड़ के सड़क चौड़ीकरण व पुल निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- 2.90 किमी सड़क चौड़ीकरण से ग्रामीणों को मिलेगी बेहतर आवागमन सुविधा



बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने ग्राम कोपाबेड़ा में शनिवार को 04 करोड़ 51 लाख 93 हजार रुपये की लागत से होने वाले सड़क चौड़ीकरण एवं पुल–पुलिया निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों में हर्ष और उत्साह का माहौल देखा गया। भूमिपूजन किए गए कार्यों में शिव मंदिर मार्ग का 2.90 किलोमीटर लंबाई में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण तथा एक पुल का निर्माण शामिल है। इन कार्यों के पूर्ण होने से ग्राम कोपाबेड़ा सहित आसपास के गांवों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुश्री लता उसेंडी ने कहा कि सड़क एवं पुल निर्माण से ग्रामीणों को सुगम यातायात सुविधा मिलेगी और क्षेत्र के सामाजिक–आर्थिक विकास को नई गति प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि कोंडागांव विधानसभा में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है। विकास कार्यों की सौगात मिलने पर ग्रामवासियों ने विधायक सुश्री लता उसेंडी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से कोपाबेड़ा और आसपास के क्षेत्रें में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं, जिससे ग्रामीण जीवन आसान हो रहा है।

### ये रहे उपस्थित

भूमिपूजन कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, कुलवंत सिंह चहल, दिनेश महाजन, ग्राम गायता आसमन कोर्राम, ग्राम प्रमुख बुधमन कोर्राम, कोपाबेड़ा ग्राम समिति अध्यक्ष मनोज पटेल, नागेश देवांगन, बंटी नाग, शीतल पटेल, अमिताभ बोस, अविनाश सोरी, देवेंद्र मौर्य, लक्ष्मी ध्रुव, सोनमणि पोयाम, सुषमा खोबरागड़े, सती बघेल, संतोष सिंह, अनिल देवांगन, मयंक भोसले, राजा मुखर्जी, हिमांशु ठाकुर सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष चुने गए धर्मा



**बस्तर।** भारतीय युवा कांग्रेस नारायणपुर के जिलाध्यक्ष बोधन देवांगन ने पूर्व विधायक चंदन कश्यप, युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा व युवा कांग्रेस नारायणपुर जिला प्रभारी शेख नदीम खान के निर्देशानुसार धर्मा पाढ़ी को भानपुरी ब्लॉक युवा कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनके नियुक्ति से युवा कार्यकर्ताओं में उत्साह का वातावरण है। उन्होंने क्षेत्र में युवाओं को जोड़कर कांग्रेस की रीति, नीति से अवगत कराने की बात कही है।

### इंद्रावती बचाओ संघर्ष समिति गांवों में चला रहा गौ रक्षा अभियान



**बस्तर।** छापर भानपुरी में इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति की बैठक हुई। इन दिनों में हर किसान अपने खेत में मक्का, चना, धान, दलहन और सब्जी का फसल लगाना शुरू कर चुके हैं। और कुछ किसानों की सब्जी फसल तैयार होने को है पर मवेशी से बचाने के लिए इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति बस्तर के द्वारा हर गांव गांव में जनजागृति अभियान चला कर किसानों को अपने अपने मवेशियों को खुला न छोड़ने की अपील कर रहे हैं, सभी किसानों में प्रचार प्रसार कर रहे हैं। आवारा पशुओं से किसानों की डबल नुकसान हो रहा हैं, जिससे किसानों की आमदनी में सीधा प्रभाव पड़ रहा है जिससे आर्थिक क्षति हो रही है।
जिसे देखते हुए इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति बस्तर द्वारा गौ रक्षा अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर सचिव सुभाष कश्यप, जनपद सदस्य गंगा बघेल, हिड़मो मण्डवी, पूर्व सरपंच मुना लाल कश्यप, जीवनाथ मौर्य, अनिल बघेल, उप सरपंच बोदा कश्यप, बुदरू बघेल, जगदीश बघेल, लच्छू समलू कश्यप और बड़ी संख्या में किसानों की उपस्थिति रही।

# बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य व बाल संरक्षण पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



कलेक्टर संबित मिश्रा के सफल नेतृत्व व सीईओ नम्रता चौबे एवं जिला शिक्षा अधिकारी लखन लाल धनेलिया के मार्गदर्शन में विकासखंड भोपालपटनम के अंतर्गत ग्राम पंचायत तिमेड़ स्थित प्राथमिक शाला तिमेड़ में शाला प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक शिक्षकगण एवं बीजादूतीर कार्यक्रम की सहभागिता से संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उनके मानसिक स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सुरक्षा के प्रति अभिभावकों और समुदाय को जागरूक करना रहा। बैठक की अध्यक्षता एसएमसी अध्यक्ष सुरेश पोर्टेटी ने की सचिव शारदा तामडी उपस्थित रहीं। बैठक में स्थानीय शिक्षक शारदा देवी तामड़ी प्रधानपाठक, सुमन वाडेकर, कुमारी संगीता नाग, समैया अभिभावक एवं बीजादूतीर ब्लॉक समन्वयक सुश्री श्यामलता वासम एवं बीजादूतीर स्वयंसेवक अनुशा कुकड़ा, संतोषी पोर्टेटी, पी रीना, चांदनी चिडेम़, हेमलता कोमरम, पूजा मंडावी स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

बैठक के दौरान विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा की गई तथा बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। अभिभावकों को बच्चों के लिए घर में सुरक्षित एवं व्यवस्थित पढ़ाई का कोना तैयार करने के लिए प्रेरित किया गया जिस पर पालकों ने सहमति व्यक्त की।

इसके साथ ही बच्चों एवं किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक- भावनात्मक शिक्षा एसईएल पर विस्तार से चर्चा की गई। बाल अधिकारों, बच्चों के साथ होने वाले किसी भी प्रकार के भेदभाव को रोकने तथा बाल संरक्षण से संबंधित जानकारी साझा की गई। बैठक में चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के उपयोग और महत्व की जानकारी भी दी गई। मानसिक स्वास्थ्य को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाने के लिए साफ-सीडी गतिविधि आयोजित की गई, जिसमें पालकों ने बढ-चढ़कर भाग लिया। इस गतिविधि के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि बच्चों का मन सकारात्मक और तनावमुक्त रखने से उनका व्यवहार और सीखने की क्षमता बेहतर होती है। इसके अतिरिक्त साफ-सीडी खेल के माध्यम से सकारात्मक एवं नकारात्मक व्यवहार का बच्चों के मानसिक विकास पर प्रभाव समझाया गया।

बैठक के अंत में उपस्थित अभिभावकों एवं समिति सदस्यों ने बच्चों के शैक्षणिक मानसिक एवं सामाजिक विकास हेतु विद्यालय को हर संभव सहयोग देने का संकल्प लिया।

यह बैठक शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य, अधिकारों एवं सकारात्मक पालन-पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

### यूनियन के सदस्यों को नववर्ष के उपलक्ष्य में प्रदान किए गए उपहार

# सामाजिक सौहार्द व श्रमिक हितों के प्रति प्रतिबद्धता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल




श्रमिकों एवं उद्योग हितार्थ उद्देश्यों के साथ-साथ जनहित कल्याणकारी क्षेत्रों एवं सामाजिक समरसता जैसे नेक विचारों पर एनएमडीसी के किरंदुल परियोजना में कार्यरत प्रमुख श्रमिक संघ मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन किरंदुल के अध्यक्ष विनोद कश्यप तथा सचिव एके सिंह के सशक्त एवं कुशल नेतृत्व में आयोजित नव वर्ष मिलन समारोह डॉ. बीआर अंबेडकर भवन तथा अपने सदस्यों को वार्षिक उपहार वितरण इंटक श्रमिक सदन गांधी भवन

■ **श्रमिकों के कल्याण, सम्मान एवं सामाजिक उत्थान के लिए प्रतिबद्ध**

में संपन्न हुआ। यह आयोजन न केवल नव वर्ष के स्वागत का अवसर बना, बल्कि श्रमिक एकता, सामाजिक समरसता एवं संगठनात्मक मजबूती का जीवंत उदाहरण भी प्रस्तुत करता दिखाई दिया।

पूर्व वर्षों की प्रशंसनीय एवं अनुकरणीय परंपरा का निर्वहन करते हुए आयोजित इस समारोह में प्रातः 8 बजे से सायं 5 बजे तक विभिन्न गतिविधियां संचालित की गईं। यूनियन के सम्मानित सदस्यों को नव वर्ष के उपलक्ष्य में स्नेहपूर्वक उपहार प्रदान किए गए। जिससे सदस्यों में उत्साह, आत्मीयता एवं संगठन के प्रति विश्वास और अधिक प्रगाढ़ हुआ। दोपहर 12 बजे से डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन किरंदुल में इंटक के आमंत्रित सदस्यों, साथियों व नगर परिवार के अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, समाज सेवको, बुद्धिजीवियों, नागरिकों के लिए अल्पाहार एवं स्वादिष्ट भोजन की उत्कृष्ट, स्वच्छ एवं अनुशासित व्यवस्था की गई।

नव वर्ष मिलन समारोह में बीआईओएम किरंदुल काम्प्लेक्स प्रबंधन, पुलिस प्रशासन, नगरपालिका, सामाजिक, सांस्कृतिक, प्रादेशिक, धार्मिक, सेवाभावी संस्थाओं के अध्यक्ष सचिव पदाधिकारी के साथ साथ व्यापारी संघ, पत्रकार संघ, एनएमडीसी सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष, सचिव ,पदाधिकारी, नगर के गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय एवं गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि एवं आमंत्रित अतिथियों ने मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन को श्रमिक हितों के लिए समर्पित, अनुशासित एवं सामाजिक दायित्वों के प्रति सजग संगठन बताया। इस अवसर पर यूनियन के सचिव आदरणीय एके सिंह ने अपने प्रभावशाली स्वागत संबोधन में सभी आमंत्रित अतिथियों का अभिनन्दन करते हुए कहा कि मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन केवल श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करने वाला संगठन नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक सोच, आपसी सहयोग एवं मानवीय मूल्यों को सशक्त करने वाला एक सशक्त श्रम संगठन का मंच है। उन्होंने कहा कि यूनियन निरंतर श्रमिकों के कल्याण, सम्मान एवं सामाजिक उत्थान के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन श्रमिक परिवारों के बीच आपसी आत्मीयता, विश्वास एवं संगठनात्मक एकता को मजबूत करते हैं तथा नगर परिवार के बीच समाज में प्रेम, भाईचारे एवं सामाजिक सौहार्द का संदेश देते हैं। उन्होंने सभी सदस्यों, पदाधिकारियों एवं सहयोगियों का कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि और आमंत्रित अतिथियों, जन प्रतिनिधियों, समाज सेवकों, नागरिकों का शाल, गमछा से संगठन के अध्यक्ष विनोद कुमार कश्यप और सचिव एके सिंह तथा पदाधिकारियों ने स्वागत किया। इस नववर्ष मिलन समारोह के मुख्य अतिथि अधिशासी निदेशक रविन्द्र नारायण ने अपने उद्बोधन में कहा कि इंटक यूनियन के इस आयोजन सिर्फ कर्मचारी साथी ही नहीं नगर परिवार की गरिमामय उपस्थिति अनेकता में एकता मिनी इंडिया प्रदर्शित करता है। सामाजिक समरसता देखने को मिल रही है। जिसके लिए श्रम संगठन इंटक को धन्यवाद देता हूं। प्रबंधन का सकारात्मक सहयोग नगर के विकास से संबंधित विषयों में सदैव रहा है आगे भी रहेगा का सकारात्मक आश्वासन प्रदान किए।

समारोह का समापन नव वर्ष को प्रेम, उल्लास, एकता एवं भाईचारे की भावना के साथ मनाने के संकल्प के साथ हुआ। मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन द्वारा आयोजित यह नववर्ष मिलन समारोह संगठन की सकारात्मक छवि, सामाजिक सरोकार एवं श्रमिक हितों के प्रति उसकी अटूट प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से प्रदर्शित करने वाला एक प्रेरणादायी एवं स्मरणीय आयोजन सिद्ध हुआ।

# इमली, चरौटा, लाख, हर्रा, अमचूर में मंडी शुल्क नहीं होने से आय हो रही प्रभावित

**वर्ष 2024-25 का विपणन ने नहीं दिया 11 मंडियों को 1.08 अरब का मंडी शुल्क**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



कृषि उपज मंडी में इमली, चरौटा, लाख हर्रा, अमचूर में मंडी शुल्क नहीं होने से मंडी की आय हो रही प्रभावित, जिसके चलते मंडी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के वेतन देना मुश्किल हो रहा है।

उक्त बातें हरिभूमि से चर्चा में राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक सुरेश कुमार सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि बस्तर संभाग के 3 मंडी एवं 2 उप मंडी के लगभग 39.05 एकड़ जमीन में वर्षों से सुरक्षा बलों का कब्जा है।

बीजापुर मंडी का 11 एकड़, नारायणपुर मंडी का ढाई एकड़, कोंडागांव मंडी का 9 एकड़, भोपालपटनम उप मंडी का 15 एकड़ एवं दोरनापाल उप मंडी का 2 एकड़ जमीन वर्ष 2005 से सुरक्षा बल तैनात हैं। बताया जा रहा है कि नक्सल ऑपरेशन के लिए सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। इसके चलते लगभग वर्षों से मंडी में उपज की आवक कमी एवं आय प्रभावित हो रही है। मंडी सूत्रों के अनुसार सुरक्षा बलों की ओर से मंडी को कब्जे की जमीन का अब तक किराया नहीं दिया जा रहा है, जिसके लिए पत्राचार किया जाएगा।

■ **मंडी के 39.05 एकड़ जमीन में वर्षों से सुरक्षा बलों का कब्जा पर किराया के लिए करेंगे पत्राचार**

साथ ही संभाग के सातों जिले के राज्य सहकारी विपणन संघ की ओर से 11 कृषि उपज मंडियों को शासकीय धान खरीदी पर मंडी शुल्क दिया जाता है, जिसके चलते वर्ष 2024-25 से संघ पर एक अरब 08 करोड़ 41 लाख 96 हजार 238 रूपए बकाया है। इससे मंडी बोर्ड ने जिला प्रशासन को 15 करोड़ 85 लाख 09 हजार 915 रूपए निराश्रित शुल्क नहीं दे पाया। इसके लिए विपणन को नोटिस दिया जा रहा है।

### मंडियों में नई दिशा देने का प्रयास

राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि वे दुर्ग से स्थानांतरण में जगदलपुर में जेडी का कार्यभार लिया। उन्होंने कहा कि संभाग के 11 मंडियों में नई दिशा देने का प्रयास करेंगे।

# नववर्ष पर आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को मिला थाली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

नव वर्ष के उपलक्ष्य में शनिवार को ग्राम पंचायत कुदालगांव की ओर से आंगनवाड़ी क्रं 4 में सराहनीय आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुदालगांव के आंगनबाड़ी केंद्र में अध्ययनरत बच्चों को थाली का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नववर्ष की खुशियों के साथ बच्चों को प्रोत्साहित करना एवं आंगनवाड़ी के प्रति उनकी रुचि बढ़ाना रहा। थाली वितरण के दौरान बच्चों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। ग्राम पंचायत की इस पहल की ग्रामीणों एवं अभिभावकों ने सराहना की। आयोजन के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उषा कश्यप, सहायिका धनबती ठाकुर एवं ग्राम पंचायत लक्ष्मी गोयल, उपसरपंच हेमलता ठाकुर, पंच धनमती भद्रे, विक्रम ठाकुर, गोमती बघेल, निशा कश्यप, लक्ष्मी कश्यप, सचिव पदम् बघेल, सूखदास भद्रे एवं अध्ययन रत बच्चे और पंचायत से जुड़े प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।

# 134 आत्मसमर्पित हितग्राहियों ने किया जैविक खेती और पर्यटन स्थलों का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जिला प्रशासन द्वारा समाज की मुख्यधारा में लौटे आत्मसमर्पित हितग्राहियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर देवेश ध्रुव एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयंत

■ **उन्नत खेती के प्रशिक्षण की जताई इच्छा**

नाहटा के मार्गदर्शन में जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज सोसाइटी द्वारा 134 आत्मसमर्पित हितग्राहियों को शैक्षणिक एवं कृषि भ्रमण कराया गया।

ज्ञात हो कि विगत दिनों इन हितग्राहियों द्वारा जिला प्रशासन के समक्ष कृषि एवं पर्यटन क्षेत्रों के भ्रमण की इच्छा व्यक्त की गई थी, जिसे स्वीकार करते हुए यह आयोजन सुनिश्चित किया गया। लाइवलीहुड कॉलेज के प्राचार्य हरीश सिन्हा एवं अन्य प्रशिक्षकों की उपस्थिति में सभी प्रशिक्षणार्थियों को क़ृषि विभाग के अधिकारियो कर्मचारियों एवं भूमगादी के जैविक क्लस्टर कोर्डिनेटर द्वारा आर्गेनिक खेती की उन्नत तकनीकों का प्रत्यक्ष अवलोकन कराया गया। भ्रमण के दौरान हितग्राहियों ने रासायनिक खादों के बिना कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने की विधियों को बारीकी से समझा। साथ ही उन्हें जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों का भी भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान सभी प्रशिक्षणार्थियों ने आग्रह किया कि जिला प्रशासन की ओर से लाइवलीहुड कॉलेज सोसाइटी में उनके लिए विशेष रूप से दो से तीन दिवसीय आवासीय कृषि प्रशिक्षण आयोजित किया जाए। उनका कहना है कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से वे घर वापसी के उपरांत स्वयं के गांवों में उन्नत किस्म की खेती कर सकें और आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें।

# किसानों को डीएपी खाद का किया गया वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

जनपद पंचायत बस्तर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत करंदोला, भानपुरी में किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए ऑयल पाम पौधारोपण करने वाले किसानों को डीएपी खाद का वितरण किया गया।

इस पहल का उद्देश्य किसानों को उन्नत कृषि की ओर प्रोत्साहित करना, उनकी उत्पादन क्षमता बढ़ाना तथा उनकी आय में वृद्धि करना है। इस अवसर पर जनपद सदस्य एवं कृषि सभापति रायधर दीवान की उपस्थिति में ग्राम पंचायत मांदलापाल, चमिया, बागमोहलाई, लामकेर, टाकारागुड़ा के किसानो को वितरण किया गया। उद्यानिकी विभाग द्वारा किसानों को समय पर आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। किसानों की मेहनत और समृद्धि ही क्षेत्र के विकास की नींव है। इस अवसर पर उधानिकी विभाग के अधिकारी एनएस पैकरा, नैनसाय पैकरा, बसंत यादव, सुकलाल उसेंडी मौजूद थे।

# 4 महिलाओं के जीवन में आया बदलाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

ग्राम पंचायत मिरतुर में बीजादूतीर स्वयंसेवक ज्योति कडती के संवेदनशील हस्तक्षेप से चार विधवा महिलाओं के जीवन में एक सकारात्मक और सशक्त परिवर्तन देखने को मिला है। लखी कडती, आसमती, सोमारी और कोपे ये सभी महिलाएँ अपने बच्चों के भरण-पोषण और शिक्षा की जिम्मेदारी अकेले निभा रही थीं। आय का कोई स्थायी साधन न होने के कारण वे मानसिक तनाव और भविष्य की चिंता से जूझ रही थीं। विशेष रूप से लखी कडती, एक बुजुर्ग विधवा महिला, अपने चार छोटे बच्चों की पढ़ाई, किताबें और कपड़ों जैसी बुनियादी जरूरतें पूरी करने में असमर्थ थीं। आर्थिक तंगी उनके लिए सबसे बड़ा भावनात्मक बोझ बन चुकी थी।

जब बीजादूतीर की वॉलिंटियर ज्योति कडती को इन महिलाओं की कठिन परिस्थितियों की जानकारी मिली तो उन्होंने तत्काल पहल की। उन्होंने महिलाओं को ₹सक्षम योजना₹ के बारे में विस्तार से बताया जो महिलाओं को कम ब्याज दर 3 प्रतिशत पर स्वरोजगार हेतु ऋण प्रदान कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की योजना है। ज्योति कडती ने न केवल योजना की जानकारी दी बल्कि फॉर्म भरने से लेकर बैंक से ऋण स्वीकृति तक की पूरी प्रक्रिया में मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान किया।

निरंतर प्रयास और सहयोग के परिणामस्वरूप चारों महिलाओं को प्रत्येक को 1 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत हुआ। इस प्रकार कुल 4 लाख रुपये का निवेश सुनिश्चित हुआ। लखी कडती ने अपने घर के पास किराना दुकान शुरू की जिससे वे वर्तमान में लगभग 10000 मासिक आय अर्जित कर रही हैं। अन्य तीन महिलाओं आसमती, सोमारी और कोपे ने ऋण राशि से चिकन शॉप प्रारंभ कर अपना-अपना व्यवसाय स्थापित किया। आज ये चारों महिलाएँ न केवल आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो चुकी हैं, बल्कि सम्मानपूर्वक अपने परिवारों का पालन-पोषण कर रही हैं। वे अपनी आय से बच्चों की स्कूल फीस, किताबें और दैनिक आवश्यकताएँ आसानी से पूरी कर पा रही हैं। मानसिक तनाव से मुक्ति मिलने के साथ उनके जीवन में आत्मविश्वास और संतोष लौटा है।

# सावित्रीबाई फुले के जीवन और कार्यों को किया याद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

आज सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर ओबीसी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राधे श्याम साहू के नेतृत्व में बस्तर संभाग में संभागीय अध्यक्ष दिनेश यदू के मार्गदर्शन पर जगदलपुर के नयामुंडा तिरंगा चौक पर सावित्रीबाई फूले जयंती का समारोह किया गया। इसमें विभिन्न समाज के महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और समाज के वरिष्ठ जन भी उपस्थित थे एवं ओबीसी महासभा के कार्यकारिणी एवं पदाधिकारीगण भी उपस्थिति थे। समारोह में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लिया और सावित्रीबाई फुले के जीवन और कार्यों को याद किया।

समारोह में सावित्रीबाई फुले के जीवन पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने उनके शिक्षा और सामाजिक सुधार के कार्यों को याद किया और उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। समारोह में समाज के लोगों ने सावित्रीबाई फुले को श्रद्धांजलि दी। लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए और उनके आदर्शों को याद किया।

इस कार्यक्रम पर संभागीय अध्यक्ष दिनेश यदू, उपाध्यक्ष रामेश्वर बिषई, उपाध्यक्ष तुलसीराम ठाकुर, सचिव हरीश साहू, जिलाध्यक्ष रघुवंश यादव, प्रदेश सचिव लाल बहादुर यादव, ओम साहू, गेंदालाल सोनी, प्रदीप, सूर्या पानी, गौरनाथ, सुरेंद्र सोनी, अंजना नाग, जया नाग, कमला, रखा गुरू, देविका, पद्मिनी, सुजाता राव, पारो एवं ओबीसी समाज के लोग शामिल रहे।

### बस्तर के पेंशनरों ने किए प्रमुख तीर्थों के दर्शन

**जगदलपुर।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय अधिवेशन में बस्तर संभाग के पेंशनर सहभागी बने। अयोध्या धाम में दो दिवसीय समापन के बाद वरिष्ठ नागरिकों के लिए अन्य तीर्थस्थल घूमने की व्यवस्था रही। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर रामलला के दिव्य दर्शन और हनुमानगढ़ी में शीश नवाने के साथ यात्रा का शुभारंभ हुआ। इसके बाद काशी में काशी विश्वनाथ और काल भैरव, सारनाथ में सम्राट अशोक कालीन धरोहरों के दर्शन ने पेंशनरों को भारत की गौरवशाली विरासत से साक्षात्कार कराया। इसके पश्चात गोवर्धन पर्वत, मथुरा-गोकुल की श्रीकृष्ण जन्मभूमि, नंदगांव, वृन्दावन के बांके बिहारी मंदिर, प्रेम मंदिर, निधिवन और बरसाना स्थित राधारानी मंदिर में दर्शन कर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। यात्रा के अंतिम चरण में प्रयागराज संगम में पवित्र स्नान तथा चित्रकूट में पंचकोशी मंदिर, रामघाट और मंदाकिनी नदी के दर्शन-नौकाविहार ने इस आध्यात्मिक यात्रा को पूर्णता प्रदान की।

## खबर संक्षेप



### टेढाईकोंदाल में वार्षिक मेला 8 को

**भानुप्रतापपुर।** ग्राम टेढाईकोंदाल में आगामी 8 जनवरी को एक दिवसीय वार्षिक मड़ई मेला का आयोजन होने जा रहा है। इस आयोजन को लेकर ग्रामीणों और आस-पास के क्षेत्रों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। मेले के सफल संचालन के लिए नवयुवक मड़ई मेला महोत्सव समिति पूरी मुस्तैदी से जुटी हुई है। समिति के सदस्यों द्वारा स्वागत द्वार से लेकर दर्शकों के बैठने और मनोरंजन की तमाम व्यवस्थाएं अंतिम चरण में हैं। यह मेला स्थानीय संस्कृति और मेल-मिलाप का एक बड़ा केंद्र होता है। रात्रि में लोक मंच सोनहा बादुर ग्राम चिटौड़ गुरुर जिला बालोद का आयोजन किया गया है।

### सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई गई



**कांकेर।** गोंडवाना भवन माकड़ी खूना में सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग के द्वारा देश की प्रथम महिला अध्यापिका, महान समाज सेविका एवं नारी शिक्षा की अग्रदूत सावित्रीबाई फुले की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। युवा प्रभाग ने इस अवसर पर यह संकल्प लिया कि सावित्रीबाई फुले के विचारों को आत्मसात करते हुए समाज में शिक्षा, समानता एवं जागरूकता को आगे बढ़ाया जाएगा। कार्यक्रम में सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग जिला अध्यक्ष उमेंद्र कोरेटी, ब्लॉक अध्यक्ष कांकेर छविंद्र मंडावी, ब्लॉक उपाध्यक्ष ऋतु कावड़े, तरुणा मंडावी, अजय सलाम, तनुज हिड़को, मिष्ठी नरेटी, नंदनी, अमृता एवं समाज के युवा साथी उपस्थित रहे।

### पैसा जमा करने पर विवाद पड़ोसियों में हुई मारपीट

**कांकेर।** समूह का पैसा जमा करने कि बात को लेकर मोहल्ले कि महिलाएं आपस में भिंड़ गई। मामले धीरे धीरे विवाद में बदल गया व मारपीट की स्थिति बन गई। मारपीट का शिकार हुई महिला हल्बा चौकी में शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद अपराध पंजीबद्ध किया। मामला हल्बा चौकी के ग्राम कुरूभाट का है। हल्बा चौकी में शिकायत करने पहुंचे कुरूभाट निवासी 37 वर्षीय चंद्रप्रभा चौहान पति चंद्रहास ने पुलिस को बताया कि खेती मजदूरी का काम करती हूं और 30 दिसंबर को दोपहर 3 बजें मैं अपने घर के सामने गली में बैठी थी। वहीं पर किशंता नायक व तीजो बाई एवं मेरी जेठानी पूर्णिमा चौहान तीनो मिलकर मेरे संबंध में बात कर रहे थे। तो मैं किशंता नायक को बोली कि मेरे बारे में क्या बात बोल रही है बताओ। मेरे द्वारा इतना बोलने पर तीजो बाई पटेल पति तुलसी पटेल ने समूह का पैसा पटाने की बात बोलने से समूह का पैसा के बारे में बात करती हो तो तुम लोग समूह का पैसा पटाओ कहकर गाली दिया और हाथ मुक्के से दोनो गाल व दोनो हाथों को मरोड़कर मारपीट किए। मारपीट करने से बहुत दर्द हो रहा है।

# पौष पूर्णिमा एवं नारायण देव महोत्सव में दिया सामाजिक एकता व संस्कृति संरक्षण पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम कोड़ेकुर्से में कोसरिया महार माहरा समाज के तत्वाधान में आयोजित पौष पूर्णिमा पर्व एवं नारायण देव महोत्सव का आयोजन सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं के अनुरूप हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं। कार्यक्रम स्थल पर पहुँचते ही समाजजनों द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। विधायक ने उपस्थित समाजजनों को पौष पूर्णिमा पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान नारायण देव द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलना ही समाज और मानव जीवन के लिए कल्याणकारी है। उन्होंने कहा कि समाज की वास्तविक ताकत उसकी एकता और संगठन में निहित होती है। यदि समाज के लोग आपस में एकजुट रहेंगे और एक-दूसरे का सहयोग करेंगे, तभी समाज निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ सकेगा।

विधायक ने समाज के रीति-रिवाजों, परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों को संरक्षित और संवर्धित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति और परंपराएं ही हमारी पहचान हैं, जिन्हें आने वाली पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है। समाज में सुख-दुख में एक-दूसरे के साथ खड़े रहना ही सच्ची सामाजिक भावना का प्रतीक है।

### रीति-रिवाज का संरक्षण जरूरी



### तरक्की के लिए करें प्रयास

समाजजनों को प्रेरित करते हुए कहा कि समाज में आगे बढ़ने के लिए एक-दूसरे के पैर खींचने की बजाय हाथ पकड़कर आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आपसी ईर्ष्या और द्वेष समाज को कमजोर करता है, जबकि सहयोग और भाईचारा समाज को मजबूत बनाता है। जब समाज के सभी वर्ग मिलकर सकारात्मक सोच के साथ कार्य करेंगे, तभी समाज का सर्वांगीण विकास संभव होगा। कार्यक्रम के दौरान समाज के वरिष्ठजनों और युवाओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए और पौष पूर्णिमा पर्व एवं नारायण देव महोत्सव के महत्व पर प्रकाश डाला। धार्मिक अनुष्ठान, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सामूहिक सहभागिता के माध्यम से महोत्सव को भव्य स्वरूप दिया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई, हुमन मरकाम, निर्मला कोवाची, अमृता कोंटिग्ला, जनपद सदस्य सविता उइके, रघुनंदन गोस्वामी, नारायण पटेल, राजू संघोरिया, रामजीवन रावटे, कोदूराम सांगिया, अशोक भास्कर, नारायण कोसरिया, हेमंत भंवसार, लीला टांडिया, देव मंडावी, रजमन कोवाची, जवाहर ठाकुर, गन्नू सिन्हा सहित समाजजन उपस्थित रहे।

## अभ्यास : कटक की 27 सदस्यीय टीम ने किया जीवंत पर्दर्शन

# खमढोड़गी जलाशय में एनडीआरएफ के मॉकड्रिल में आपदा उपायों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बारिश के मौसम में संभावित बाढ़ की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने और बाढ़ में फंसे लोगों को सुरक्षित बचाने के उपायों की जानकारी देने के उद्देश्य से एनडीआरएफ कटक की 27 सदस्यीय टीम द्वारा ग्राम खमढोड़गी स्थित जलाशय में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। यह मॉकड्रिल कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर की उपस्थिति में हुआ, जिसमें बाढ़ के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों का जीवंत प्रदर्शन किया गया।

एनडीआरएफ टीम लीडर हीरा सिंह के नेतृत्व में एनडीआरएफ एवं होमगार्ड के जवानों ने विभिन्न आपातकालीन परिस्थितियों में बचाव के तरीकों का अभ्यास किया। मॉकड्रिल के दौरान बाढ़ के कारण टापू में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने, बचाव दल की नाव पलटने की स्थिति में डूबते व्यक्ति को बचाने, पानी में डूब रहे व्यक्ति को बाहर निकालकर उसका त्वरित प्राथमिक उपचार करने जैसे महत्वपूर्ण अभ्यास किए गए। इसके साथ ही स्थानीय संसाधनों का उपयोग कर बचाव के तरीके भी प्रदर्शित किए गए, जिनमें रस्सी, सूखा नारियल, पानी का जेरिकेन, पानी की बोतल, बांस आदि के माध्यम से डूबते हुए व्यक्तियों को सुरक्षित निकालने के उपाय शामिल रहे। कलेक्टर ने एनडीआरएफ टीम की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ द्वारा अपने सभी आधुनिक उपकरणों एवं तकनीकों का प्रदर्शन करते हुए बाढ़ से बचाव के विभिन्न तरीकों का मॉकड्रिल किया गया, जिससे आमजन को आपदा के समय सतर्कता और सुरक्षा के उपायों की महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। उन्होंने अपने पूर्व अनुभव साझा करते हुए बताया कि गरियाबंद जिले में पदस्थापना के दौरान बारिश के दिनों में सीकासार जलाशय के निचले क्षेत्रों में बाढ़ में फंसे लोगों को एनडीआरएफ की टीम द्वारा सफलतापूर्वक बचाया गया था, जिसके लिए वे आज भी टीम के आभारी हैं।



### माकड्रिल में यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर एसडीएम कांकेर अरुण कुमार वर्मा, एएसपी योगेश साहू, कमांडेंट एनडीआरएफ नवीन कुमार, संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी आपदा प्रबंधन सरस्वती बंजारे, डिप्टी कलेक्टर रानू मैथ्यू सहित राजस्व, पुलिस, पशुपालन विभाग, खाद्य विभाग, जल संसाधन विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अलावा पूर्व सरपंच प्यार सिंह मंडावी, ग्राम सभा खमढोड़गी की अध्यक्ष अनिता मंडावी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन भी मॉकड्रिल के साक्षी बने।



### सरपंच ने माकड्रिल टीम का व्यक्त किया आभार

कलेक्टर ने यह भी जानकारी दी कि कांकेर जिले में महानदी के किनारे बसे कुछ गांवों में बारिश के मौसम में बाढ़ की आशंका बनी रहती है, ऐसे में इन क्षेत्रों की नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जाती है ताकि समय रहते राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित किए जा सकें। ग्राम पंचायत कोकपुर की सरपंच निशा दुग्गा ने ग्राम खमढोड़गी के जलाशय में मॉकड्रिल आयोजित करने के लिए एनडीआरएफ टीम के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि इससे ग्रामीणों में आपदा के प्रति जागरूकता बढ़ी है।

# भाजयुमो के नए जिला अध्यक्ष संजू का धनेलीकन्हार मंडल ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष संजु गोपाल साहू, अजजा मोर्चा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष ईश्वर कावडे का भारतीय जनता पार्टी मंडल धनेलीकन्हार के कार्यकर्ताओं ने गांधी चौक के पास महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नवनियुक्त जिला अध्यक्ष संजु गोपाल साहू ने कहा की युवा मोर्चा भारतीय जनता पार्टी की रीढ़ की हड्डी है व आप सभी के सहयोग से पार्टी की मजबूती के लिए के लिए मिलजुल कर कार्य करेंगे। ईश्वर कावडे ने कहा की मैं पुर्व में भी अजजा मोर्चा का जिला अध्यक्ष था पार्टी ने मुझे दोबारा यह दायित्व दिया है इस क्षेत्र अनुसुचित जन जातियों की बहुलता है और इस क्षेत्र के विकास के लिए मिलकर कार्य करेंगे। स्वागत कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी नीति एवं अनुसंधान विभाग अजजा मोर्चा विकेश हिचामी, युवा मोर्चा जिला महामंत्री घनेंद्र ठाकुर, प्रदेश कार्य समिति सदस्य निखिल वलेचा, जीवन नेताम, अब्दुल खलीद खान का पहली बार धनेलीकन्हार मंडल में आगमन पर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी के रीति नीति को देखकर, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व को देखकर और राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के बहुमुखी रचनात्मक कार्यो को देखकर आदिवासी युवा नेता एवं गोण्डवाना समाज समन्वय समिति क्षेत्र पीढ़ापाल के सहसचिव योगेश ठाकुर, सरपंच मधु मण्डावी, तेलावट लक्ष्मी चिराम, वरचेगोंदी मिलन सलाम, केव्टीन टोला परमा कावड़े ने भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए जिनका नवनियुक्त पदाधिकारियों ने भगवा गमछा पहनाकर स्वागत किया। इस कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष डाकेश साहू, महामंत्री अशोक कचलाम, जनपद सदस्य पंचू राम नायक, पर्व महामंत्री लोकेश्वर सेन, सितम्बर कावड़े, हेमलाल गढ़िया, नितेश सलाम, मिथलेश मण्डावी, विनोद रावटे, कृष्णा हुपेन्डी, किरण दर्रो, नम्मू खरे, प्रिंस पाण्डेय, विकी मंडावी, फगनू राम यादव, सानू साहू उपस्थित रहे।



# लोनिवि के पेंचवर्क में लापरवाही राहगीरों के लिए बना आफत

**पखांजुर।** लोक निर्माण विभाग की उदासीनता और ठेकेदार की लापरवाह कार्यप्रणाली अब आम जनता की जान पर भारी पड़ने लगी है। कोंडे से पीवी-105 तक चल रहा पेंच मरम्मत कार्य सुविधा के बजाय लोगों के लिए मुसीबत बन गया है। सड़क को खोदकर महीनों से अधूरा छोड़ दिया गया है, जिसके चलते आए दिन राहगीर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।

जानकारी के अनुसार मरम्मत कार्य के लिए लगभग 89 लाख रुपएं की राशि स्वीकृत की गई थी। पिछले माह बड़े तामझाम के साथ कार्य की शुरुआत तो की गई, लेकिन वर्तमान में यह कार्य कछुआ गति से चल रहा है। विभाग और ठेकेदार के बीच कथित तालमेल की कमी का खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। मरम्मत के नाम पर ठेकेदार द्वारा सड़क के बीचों-बीच गड्ढे खोदकर उनमें केवल गिट्टियाँ डाल दी गई हैं। इन बिखरी गिट्टियों के कारण दोपहिया वाहन लगातार फिसलकर गिर रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि कार्यस्थल पर न तो कोई चेतावनी बोर्ड लगाया गया है और न ही रेडियम टेप अथवा अन्य सुरक्षा संकेतों का उपयोग किया गया है। रात के समय गड्ढों का अंदाजा न लग पाने से स्थिति और भी जानलेवा हो जाती है।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की हालत पहले से भी बदतर हो गई है। लोगों ने लोक निर्माण विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए मांग की है कि अधूरे कार्य को तत्काल प्रभाव से गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए, सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले दोषी ठेकेदार पर कड़ी कार्रवाई की जाए तथा कार्य पूर्ण होने तक वैकल्पिक मार्ग या उचित संकेतों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# तेज रफ्तार ट्रक के कारण कार डिवाइडर से टकराई, दो घायल

**कांकेर।** जिले के चारामा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कानापोड़ के पास तेज रफ्तार ट्रक की लापरवाही से सड़क दुर्घटना हो गई। हादसे में स्वीफ्ट डिजायर कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि कार सवार दो लोगों को सिर में चोटें आई हैं। घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा में कराया गया है। पुलिस ने मामले में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ठेलकाबोड़ छोटेपारा कांकेर निवासी राकेश पाण्डेय ने पुलिस को बताया कि मैं ड्राइवरी का कार्य करता हूँ और 02 जनवरी को सुबह करीब 8 बजे स्वीफ्ट डिजायर कार क्रमांक सीजी 04 एमक्यू 7300 से कांकेर से ग्राम नारा, जिला बालोद जा रहा था। कार में उसके साथ संतोषी टांडिया भी सवार थीं। कार जब कानापोड़ के पास पहुंचा, उसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 17 केवी 3467 के चालक ने तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए कार के पीछे बाएं साइड को घसीटते हुए टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार अनियंत्रित होकर घूम गई और सामने डिवाइडर से जा टकराई। इस दुर्घटना में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के दौरान कार चालक एवं संतोषी टांडिया के सिर में चोटें आईं। घटना के बाद आसपास के लोगों की मदद से दोनों घायलों को निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार किया गया। प्राथमिक उपचार के बाद पीड़ितों ने चारामा थाना पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस के अनुसार ट्रक चालक की पहचान प्रभुनाथ प्रजापति पिता त्रिभुवन प्रजापति, उम्र लगभग 40 वर्ष, निवासी ग्राम नगरा जिला बलिया (उत्तर प्रदेश), हाल पता परपा नाका जगदलपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर संबंधित धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है।

# रिसेवाड़ा में मरार समाज ने श्रद्धा और उल्लास से मनाई माँ शाकंभरी जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरहरपुर



विकासखंड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम रिसेवाड़ा में मरार समाज द्वारा सामाजिक भवन में माँ शाकम्भरी जयंती, सावित्रीबाई फुले जयंती एवं छेर-छेरा पुन्नी का त्रि-उत्सव श्रद्धा, उल्लास और सामाजिक एकता के वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह आयोजन भक्ति, संस्कृति और सामाजिक चेतना का सुंदर संगम बना, जिसमें समाज के सभी वर्गों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली।

कार्यक्रम की शुरुआत माँ शाकम्भरी की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। समाजजनों ने माँ शाकम्भरी के चरणों में समाज सहित समस्त मानवता के सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और विश्व कल्याण की मंगलकामना की। वक्ताओं ने बताया कि माँ शाकम्भरी अन्न, पोषण और प्रकृति की अधिष्ठात्री देवी हैं, जिनकी आराधना से जीवन में संतुलन, समृद्धि और सेवा भाव का विकास होता है। इसके पश्चात सावित्रीबाई फुले जयंती के अवसर पर उनके जीवन, संघर्ष और योगदान पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने शिक्षा के माध्यम से समाज में जागरूकता, समानता और नारी सशक्तिकरण की अलख जगाई। उनके आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। समाजजनों ने संकल्प लिया कि वे शिक्षा को प्राथमिकता देंगे और बेटियों की पढ़ाई व आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देंगे। छेर-छेरा पुन्नी के अवसर पर समाज की माता-बहनों सहित सभी समाजजनों ने पारंपरिक छेर-छेरा गीत गाए और दान-पुण्य कर लोकपरंपराओं का जीवंत निर्वहन किया।

इस दौरान अन्नदान और सेवा भाव को विशेष महत्व दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि छेर-छेरा पुन्नी केवल पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, परोपकार और मानवीय मूल्यों को मजबूत करने का माध्यम है। कार्यक्रम के दौरान समाज के पदाधिकारियों ने तीनों उत्सवों के ऐतिहासिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और नैतिक महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ऐसे आयोजन समाज को एकजुट रखने, नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने और आपसी प्रेम, सहयोग व सौहार्द को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भक्ति, संस्कृति, सेवा और सहयोग की भावना से ओत-प्रोत यह आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा और सामाजिक एकता का प्रेरक संदेश बनकर उभरा।

इस अवसर पर सुरेश पटेल, थानुराम पटेल, सोहन पटेल, खेलन पटेल, सुरेन्द्र पटेल, रेखुराम पटेल, बिशन पटेल, छन्ना पटेल, हरीश पटेल, प्रेमलाल पटेल, प्रकाश पटेल, डमेश्वर पटेल, दिनेश पटेल, कांति पटेल, मोहिनी पटेल, मिथलेश पटेल सहित सामाजिकजन उपस्थित रहे।

# मरका टोला फत्तेचंद में तीन दिनी मानसगान स्पर्धा जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार



मरका टोला फत्तेचंद में 2 जनवरी को त्रिदिवसीय सस्वर राज्य स्तरीय मानस गान प्रतियोगिता का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ किया गया। इस दौरान सैंकड़ो की संख्या में गांव की महिलाएं व पुरुष एकजुट होकर गांव के शीतला मंदिर से कलश यात्रा निकाली जो पुरे गांव का भ्रमण करते हुए मानस मंच पहुंचे जहा राम मंदिर मे विधिवत पूजा अर्चना किया गया।

कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे ग्राम के सरपंच मिथलेश कावड़े ने कहा की रामायण मे राम के अच्छे आदर्श क़ो दर्शाता है जो हमें सीख मिलती है। यह तीन दिवसीय मानस गान कार्यक्रम से हम सब मे समानता भाई चारा की सीख मिलती हैं कहकर आयोजन समिति व समस्त ग्राम वासी को बधाई दी। पूर्व सरपंच गायत्री धुर्वा ने समस्त ग्राम वासी को मानस गान कार्यक्रम की बधाई दी। प्रथम दिवस मे नैना मानस परिवार मरकाटोला, पावन धारा मानस परिवार घटारानी गरियाबंद, मनकेशरी महिला मानस परिवार टहकापार चारामा, गुरुदेव आराधना कीर्तन मंडली छिदौली महासमुंद, देवी आराध्या महिला मानस परिवार पिथौरा महासमुंद, अंजनी नंदन मानस परिवार धमनी राजिम, माँ विद्या दायनी मानस परिवार हिरेश सिन्हा सिरसिदा चारामा ने प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर अध्यक्ष चमन यादव, संयोजक मुकतेश्वर मुन्ना ठाकुर, सरक्षक डॉ माखन गंजीर, सूबे सिंह धुर्वा, सचिव मनीष साहू, कोषाधक्ष बिरेश गंजीर, सह सयोजक भिकेश गंग़राले, जागेश नाग, धाकेश गंजीर, मुकेश नाग, रतन भुआर्य, शिव नारायण साहू, सुभीया नाग, हेमलता यादव, नरेंद्र दीपक, शिव प्रसाद हिचामी, लच्छन नेताम, सगुन साहू, रामयश पटेल, बिसाली राम सिन्हा, छनुराम हिचामी, छबि रामहिचामी, संत कुमार साहू एवं समस्तग्रामवासी वार्ड पंच उपस्थित रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

स्वामी जी-93406-38884
स्पेशल ट्रेन द्वारा
ऑफर केवल 15 जनवरी तक
6 मार्च से 14 मार्च 2026
चांपा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, गोंदिया से होते हुए
रामेश्वरम धाम यात्रा
श्री तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम धाम, कन्याकुमारी, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, स्वर्ण मंदिर (गोल्डन टेंपल) वेल्लोर
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
18 अप्रैल, 01 मई, 04 मई, 07 मई, 10 मई, 16 मई, 22 मई, 25 मई, 28 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशिः-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411